# GSEB Std 10 Hindi Textbook Solutions Chapter 11 भारतवर्ष हमारा है

**GSEB Class 10 Hindi Solutions भारतवर्ष हमारा है Textbook Questions and Answers**

स्वाध्याय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
करोड़ों कंठों से क्या आवाज़ उठी ?
उत्तर :
करोड़ों कंठों से यह आवाज़ उठी कि 'भारतवर्ष हमारा है, हिन्दुस्तान हमारा है।'

प्रश्न 2.
हिन्दुस्तान के प्रति जनता का अभिमान कब से है ?
उत्तर :
हिन्दुस्तान के प्रति जनता का अभिमान आदि-अनादि से हैं।

प्रश्न 3.
नवयुग के नयनों में क्या भरा है ?
उत्तर :
नवयुग के नयनों में अग्नि के जलते हुए पुंज भरे हैं।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
'भारतवर्ष हमारा है' यह स्वरधारा किसकी है ?
उत्तर :
भारतवर्ष में करोड़ों लोग रहते हैं। भारतवर्ष के सभी लोग 'भारतवर्ष हमारा है' का स्वर बुलंद करते हैं। यह स्वरधारा भारतवर्ष के करोड़ों-करोड़ों लोगों की है।

प्रश्न 2.
नवसर्जन के स्वप्न कब से जागे ?
उत्तर :
जिस दिन सबसे पहले देश के नवनिर्माण की अनेक कल्पनाएं हमारे मन में उठीं, देश-काल के दो-दो विशाल और सुंदर वितानों की रचना हुई। जिस दिन आकाश में असंख्य तारे छिटके और सूरज-तारे अस्तित्व में आए, उसी समय से नवसर्जन के स्वर जागे थे।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 3.
भारतवर्ष हमारा जन्मस्थान कब से है ?
उत्तर :
हमारा देश भारतवर्ष बहुत प्राचीन देश है। जब घटाओं ने सबसे पहले बहराना सीखा था, जब पहले-पहल हवाओं ने हहराना सीखा था और सभी समुद्र लहराना सीख रहे थे, उस समय से भारतवर्ष हमारा जन्मस्थान है। अर्थात अनादि-आदि काल से भारतवर्ष हमारा जन्मस्थान है।

प्रश्न 4.
करोड़ों लोगों के उत्साह भरे वचन क्या थे ?
उत्तर :
करोड़ों लोगों के उत्साहभरे वचन थे कि यह भारतवर्ष हमारा महान देश है। दुनिया का ऐसा कौन-सा देश है जो हमारे देश का सामना कर सके? यह एक अद्वितीय देश है।

प्रश्न 5.
कवि भारत का प्रतिपक्षी किसे मानते हैं ?
उत्तर :
भारत का स्वतंत्रता आंदोलन यहाँ अपनी सत्ता जमाए बैठे अंग्रेजों के खिलाफ था। कवि उन्हीं को भारत का प्रतिपक्षी मानते हैं।

### 3. निम्नलिखित प्रश्नों के चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
हिन्दुस्तान हमारा है - स्वरधारा किसकी और कब से है ?
उत्तर :
'हिन्दुस्तान हमारा है' स्वरधारा हमारे देश में रहनेवाले कोटि-कोटि लोगों की है। जब से पृथ्वी और आकाश का उद्भव हुआ है और जब से आकाश में तारे छिटके और सूर्य-चांद बने हैं, तभी से हमारे देश का अस्तित्व है। इस तरह यह स्वरधारा अनादि-आदि काल से हैं।

प्रश्न 2.
कवि बालकृष्ण 'नवीन' - भारत के लिए क्या कहते हैं ?
उत्तर :
कवि बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' भारत के लिए कहते हैं कि हमारा देश भारतवर्ष बहुत प्राचीन देश है। यह अनादि-आदि काल से हमारा जन्म-स्थान है। इस बात का देश के बयालीस करोड निवासियों को गर्व है। उनकी गर्जना सुनकर दुश्मनों के हृदय सिहर उठते हैं। उनका सामना कोई नहीं कर सकता। भारतवर्ष एक महान देश है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

### 4. निम्नलिखित का भावार्थ स्पष्ट कीजिए :

प्रश्न 1.

गरज उठे ब्यालीस कोटिजन, सुन ये............

.................... हिन्दुस्तान हमारा है ।

उत्तर :

कवि कहते हैं कि भारतवर्ष की समूची बयालीस करोड़ जनता एक स्वर में 'भारतवर्ष हमारा हैं, यह हिन्दुस्तान हमारा है' का हुंकार भर रही है। वे कहते हैं कि देशवासियों के ये उत्साहभरे वचन सुनकर हमारे विरोधियों (दुश्मनों) के दिल दहल उठे हैं। आज के नए युग के हमारे देशवासियों की आँखों में दुश्मनों के लिए आग के शोले भड़क रहे हैं। उनका सामना करने की किसी में हिंमत नहीं है। हमारा देश महान है। यह भारतवर्ष हमारा है। यह हिन्दुस्तान हमारा है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in